



# प्रतिभाएं पहचान की मोहताज नहीं होतीं : डीएम

## अमर उजाला भविष्य ज्योति कार्यक्रम में सम्मानित होकर चहके मेधावी, होटल सरस्वती इन मुसाफिरखाना में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**अमेठी सिटी।** प्रतिभाएं कभी किसी पहचान की मोहताज नहीं होती हैं। इनको प्रोत्साहन जरूरी है, ताकि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके। ये बातें जिलाधिकारी संजय चौहान ने अमर उजाला भविष्य ज्योति कार्यक्रम में मेधावियों को संबोधित करते हुए कहीं।

यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावियों को सम्मानित करने के लिए अमर उजाला भविष्य कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को मुसाफिरखाना के होटल सरस्वती इन में किया गया। इससे मेधावियों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, सीओ मुसाफिरखाना अतुल सिंह और शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के निदेशक रंजीत सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के बाद अच्छे नंबर आने पर हम लोग सुस्त पड़ जाते हैं, यह नहीं होना चाहिए। सफलता के लिए निरंतर जरूरी है। सक्सेस और फेलियर जिसको पचाना आता है, वही सफल होता है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता है। कड़ी मेहनत और निरंतरता सबसे महत्वपूर्ण है। कहा कि जितना समय युवा रील देखने में बिता रहे हैं, उतना समय पढ़ाई में लगाएं तो उन्हें कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकत्ता।

**इन विद्यालयों के विद्यार्थी हुए सम्मानित** : कार्यक्रम में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल मुसाफिरखाना, एमिटी स्कूल जगदीशपुर, जीजीआईसी मुसाफिरखाना, जीआईसी मुसाफिरखाना, जयपुरिया स्कूल जगदीशपुर, डिवाइन पब्लिक स्कूल मुसाफिरखाना, प्रमोद आलोक इंटर कॉलेज अमेठी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना के विद्यार्थी सम्मानित किए गए।

विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल सुल्तानपुर के प्रधानाचार्य डॉ. अजय तिवारी, मुसाफिरखाना ब्रांच के प्रिंसिपल अंजनी तिवारी, जयपुरिया स्कूल जगदीशपुर के प्रबंधक जुबैर अहमद, व्यापारी नेता महेश सोनी आदि मौजूद रहे।



अमर उजाला भविष्य ज्योति कार्यक्रम में सम्मानित होने के बाद डीएम-एसपी संग मौजूद मेधावी। संवाद

### कॅरिअर पर करें फोकस



जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि कॅरिअर को लेकर विशेष फोकस रखने की जरूरत है। जिस क्षेत्र में मन लगे, उसमें कॅरिअर बनाने को लेकर तैयारी करें। अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि बच्चों के मन की बात को समझें। रुचि के अनुरूप कॅरिअर चुनें।

### अपनाएं पंचसूत्र



जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने कहा कि सफलता के लिए पंचसूत्र अपनाएं। जीवन में अनुशासन, समय प्रबंधन, कड़ी मेहनत, पक्का इरादा, लक्ष्य के प्रति समर्पण अपना हर लक्ष्य भेद सकते हैं।

### अनुशासन बेहद जरूरी



सीओ मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने कहा कि जीवन में अनुशासन बेहद जरूरी है, खासकर छात्र जीवन में। अनुशासित रहकर और लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करें, सफलता जरूर मिलेगी। असफलता पर घबराएं नहीं।

### बेटियों की पढ़ाई में न बनें बाधा



एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि बेटियों की पढ़ाई में अभिभावक बाधा न बनें। इंटरमीडिएट के बाद जिस भी क्षेत्र में बेटियां अपना कॅरिअर बनाना चाहती हों, उन्हें भरपूर सपोर्ट करें, ताकि वे सफलता हासिल कर सकें। असफलता मिलने पर निराश न हों।

### लक्ष्य के लिए जरूरी है एकाग्रता



शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के निदेशक रंजीत सिंह ने कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए विद्यार्थियों में एकाग्रता बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत के साथ ही खुद को एकाग्र होकर विषयों को पढ़ना होगा। तभी सफलता मिलेगी।

### अभिभावक भी समझें अपने जिम्मेदारी



कार्यक्रम में मौजूद केएनआई सुल्तानपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि अभिभावकों को भी समझना होगा कि उनकी जिम्मेदारी क्या है। जबरदस्ती किसी बच्चे पर अपनी पसंद नहीं थोपनी चाहिए। उनकी मदद करनी चाहिए।



भविष्य ज्योति कार्यक्रम में सम्मानित होने के बाद सेल्फी लेते मेधावी। संवाद



सृष्टि सिंह।



अंतिमा।



अनन्या अग्रवाल।



सृष्टि पाल।

### बच्चों ने साझा की सफलता की कहानी

अमर उजाला भविष्य ज्योति सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने मंच पर अपनी सफलता की कहानी साझा की। बच्चों ने कहा कि लक्ष्य तय कर कड़ी मेहनत से मंजिल पाई जा सकती है। माता-पिता और शिक्षकों का सहयोग हमेशा प्रेरक रहा। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल जगदीशपुर की छात्रा सृष्टि सिंह ने कहा कि मैंने कभी हार नहीं मानी। मेरी सफलता में शिक्षकों और मां-पापा की अहम भूमिका है। दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना की छात्रा अंतिमा पंडित ने कहा कि अमर उजाला का यह मंच हमें आत्मविश्वास देता है। मैं अपने माता-पिता के सहयोग से यहां तक पहुंची हूं। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल जगदीशपुर की छात्रा अनन्या अग्रवाल ने कहा कि सफलता के लिए समय प्रबंधन बहुत जरूरी है। हमें अपने लक्ष्य पर फोकस रहना चाहिए। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल जगदीशपुर की छात्रा सृष्टि पाल ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। मैं रोज पढ़ाई में निरंतरता रखती हूं।

### इनका रहा सहयोग

अमर उजाला भविष्य ज्योति कार्यक्रम में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल मुसाफिरखाना, डिवाइन पब्लिक स्कूल मुसाफिरखाना, आलोक प्रमोद इंटरमीडिएट कॉलेज अमेठी, बीएसए कार्यालय, एआरटीओ कार्यालय, व्यापारी नेता महेश सोनी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ने सहयोग किया।